हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 3 जून, 2025

11 श्रद्धालुओं को जीवन में धर्म, सेवा एवं संयम के महत्व ...


12 निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन ...


## खबर संक्षेप

### दूसरे दिन बरसे बदरा, दो दिन में 14 एमएम बारिश

**लोहारू।** पिछले दिनों से लोहारू शहर और आसपास के इलाके में इंद्रदेव काफी मेहरबान हैं तथा दो दिनों में इलाके में करीब 14 एमएम से अधिक बरसात हो चुकी है। यह बरसात कपास की फसल के उपयोगी मानी जा रही है तथा ग्वार और बाजरा की फसल की बिजाई की किसान तैयारी करने लगे हैं। दो दिनों की इस बरसात ने वातावरण को खुशगवार बना दिया है।

### बिजली बिल ब्याज माफी योजना लागू

**चरखी दादरी।** हरियाणा ऊर्जा विभाग के सचिव एवं दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ए श्रीनिवास ने बताया कि ब्याज माफी योजना 2025 लागू है। बिजली उपभोक्ता शीघ्र ही इस ब्याज माफी योजना का लाभ उठाएं। इस योजना का लाभ डिफाल्टर उपभोक्ताओं ने तुरंत ही लेना है, क्योंकि ये योजना अल्प अवधि तक के लिए है।

### निमंत्रण अभियान अंतिम चरण में पहुंचा

**तोशाम।** किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा की दूसरी पुण्यतिथि पर 4 जून को क्षेत्र के गांव खावा स्थित किसान भवन में गौभक्त हरफूल सिंह जाट जुलानी वाला गौशाला का उद्घाटन एवं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम स्वराज किसान मोर्चा एवं गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट द्वारा चलाया जा रहा निमंत्रण अभियान अंतिम चरण में है। सोमवार को गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के संचालक महेंद्र सिंह गोदारा के नेतृतव में गांव मंढाण, रोढ़ा, ईशरवाल, हसान व मिरान में निमंत्रण अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दिया।

### राजकीय आईटीआई रोजगार मेला कल

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए रोजगार मेलों का आयोजन कर रही है ताकि अधिक से अधिक रोजगार दिलवा सकें। इसी कड़ी में राजकीय आईटीआई भिवानी में चार जून को प्रात 09.00 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में फीटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, वायरमैन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, आरएसी, ट्रेक्टर मैकेनिक, टीपीईएस, शीट मेटल, फाउंड्रीमैन ट्रेड से पास विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। सहायक जिला रोजगार अधिकारी दीपक शर्मा व आईटीआई प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि ये रोजगार मेला रोजगार विभाग एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। रोजगार मेले में एशियन ऑटोमोटिव रोहतक प्रा.लि., एनकी टेक टेक्नोलॉजी, देव इंडस्ट्रीज, पुखराज हेल्थकेयर, श्री श्याम बायोफर्टिलाइजर, डेनिअल फर्नीचर, एलआईसी आदि के अधिकारी साक्षात्कार के आधार पर विद्यार्थियों को अप्रेंटिस व प्लेसमेंट के लिए चयन करेंगे।

## पाश इलाका सेक्टर-23 बना परेशानी का केंद्र : महेंद्र सिंह

# टूटी सड़कों, ओवरफ्लो सीवरेज और जलभराव से परेशान लोग

हाल ही में हुई हल्की बारिश के बाद हालात और भी बिगड़ गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

भिवानी का पाश इलाका माने जाने वाला सेक्टर-23 इन दिनों बदहाली का शिकार है। यहां की टूटी हुई सडक़ों, सीवर ओवरफ्लो और बरसात के पानी की निकासी ना होने की समस्याओं ने स्थानीय निवासियों का जीना दूभर कर दिया है। इसी के विरोध में सोमवार को रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-23 के पूर्व प्रधान व संरक्षक महेंद्र सिंह श्योराण के नेतृत्व में सैक्टरवासियों ने रोष जताया तथा उपरोक्त समस्याओं के समाधान की मांग की।

इस मौके पर महेंद्र सिंह श्योराण ने कहा कि प्रशासन की अनदेखी के चलते यह इलाका अब पाश नहीं, बल्कि परेशानी का केंद्र बन चुका है। सेक्टर-23 के मकान नंबर-650 से 675 तक की गली की सबसे दयनीय हालत है। यह गली सेक्टर की सबसे बदहाल गली है, जहां पर मूलभूत समस्याओं का अंबार लगा रहता है। इसके अलावा पूरे सेक्टर-23 में भी यही समस्याएं गहराई हुई है। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर सड़के इस कदर टूटी हुई हैं कि वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। वहीं, सीवरेज लाइनें जाम हैं, जिससे गंदा पानी गलियों में बहता रहता है। हाल ही में हुई हल्की बारिश के बाद हालात और भी बिगड़ गए। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण जगह-जगह पानी भर गया, जिससे न सिर्फ लोगों की आवाजाही बाधित हुई, बल्कि मच्छरों के पनपने का खतरा भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि सडक़े टूटी तथा जलभराव की स्थिति रहने के कारण रोजाना यहां पर वाहन चालक चोटिल होते रहते है। यहां तक कि सोमवार सुबह भी एक महिला अपने बच्चों के साथ स्कूटी पर जाते समय गड्ढा होने के कारण गिर गई, गनीमत रही कि उन्हे अधिक चोटें नहीं आई। महेंद्र सिंह श्योराण ने कहा कि उन्होंने इन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर उपायुक्त, नगर परिषद चेयरपर्सन के अलावा खुला दरबार व कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंत्री अनुप धानक के समक्ष भी उठाई। यहां तक कि उपायुक्त भी यहां का निरीक्षण कर समाधान का आश्वासन दे चुके है, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। जिसके चलते सैक्टरवासी खासे परेशान है तथा नरकीय जीवन जीने को मजबूर है।



भिवानी। सेक्टर में जमा बारिश के पानी को दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सामूहिक विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी

सैक्टर-23 के नागरिकों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही मूलभूत सुविधाओं की बहाली नहीं हुई, तो वे सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर बंटी कादियान, सुमित्रा कटारिया, सरोज घणघस, प्रमिला लाठर, सुदेश, एकता, महेंद्र सिंह श्योराण, कर्मबीर कटारिया, कर्ण सिंह, विजय शर्मा, आनंद सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।



भिवानी। मांगों को लेकर मंत्री को मांगपत्र सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

## भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाईजेशन ने केबिनेट मंत्री गंगवा को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** श्री दक्ष प्रजापति जयंती को इस वर्ष प्रदेश स्तर पर भिवानी में मनाए जाने की मांग को लेकर प्रजापति समाज के लोगों ने भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाईजेशन (बीपीएचओ) के सह संस्थापक रमेश टांक व नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन मामनचंद प्रजापति के नेतृत्व में सरकार के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर बीपीएचओ के सह संस्थापक रमेश टांक व नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन मामनचंद प्रजापति ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार महापुरूषों की जयंती पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर उनके शिक्षाओं व आदर्शो के प्रचार-प्रसार करने का सराहनीय कार्य करती है, ताकि युवा पीढ़ी महापुरूषों के जीवन आदर्श पर चलकर समाज व देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकें। इसी कड़ी मे अबकी बार श्री दक्ष प्रजापति जयंती पर भिवानी में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी को श्री दक्ष प्रजापति के जीवन आदर्श से रूबरू होने का अवसर मिल पाए। उन्होंने केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से मांग की कि भगवान दक्ष प्रजापति की जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए सरकार द्वारा विशेष आयोजन किया जाए और इस बार इसका आयोजन भिवानी में हो, ताकि समाज के लोगों को सम्मान और पहचान मिल सके। मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रतिनिधिमंडल की बात को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वह इस मांग को सरकार के समक्ष उठाएंगे और प्रयास करेंगे कि इस बार प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम भिवानी में ही आयोजित किया जाए। इस मौके पर बीपीएचओ के प्रदेश महासचिव विनोद प्रजापति डीग भी मौजूद रहे।




भिवानी। पानी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# नहर आने के 10 दिन बाद भी शहर में पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

- भगवान परशुराम कॉलोनी में पेयजल के लिए मचा हाहाका महिलाओं ने किया प्रदर्शन

जनसंघर्ष समिति भिवानी की ओर से स्थानीय रोहतक गेट के नजदीक स्थित भगवान परशुराम कालोनी के निवासियों ने पीने के पानी संकट को हल करवाने वास्ते सोमवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों व सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी महिलांए अपने घरों से काम छोडक़र प्रदर्शन में शामिल हुई। जनसंघर्ष समिति के संयोजक व सीपीआईएम के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश व रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान नरेश शर्मा ने कहा कि पिछले दो महीने से इस कालोनी में पानी नहीं आ रहा है। अब 10 दिनों से नहर आ रही है। कालोनीवासी विभाग के अधिकारियों से समस्या के समाधान के लिए फोन करते है तो अधिकारी इनके फोन नहीं उठाते। कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि उन्होंने कल और आज जेई से फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। उन्होंने बताया कि कालोनी वासियों को 1200 रुपये में मोल लेकर टैंकर मंगवाना पड़ता है। इस मौके पर वार्ड नंबर-5 के पार्षद मुन्ना कौशिक भी आ गए, उनका मकान भी इसी कालोनी में स्थित है। प्रदर्शन में शामिल होने वालों में राजबाला, हरदेई देवी, बिमला, कांता, बिंदू शर्मा, रेनू, ज्योती, ममता काजल, शकुंतला, कमला आदि मौजूद रहे।

## पेयजल किल्लत की समस्या के समाधान की मांग को लेकर विधायक से मिले नागरिक

**भिवानी।** बढ़ती गर्मी के साथ-साथ भिवानी शहर में पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है, जिसके समाधान की मांग को लेकर रोजाना लोग धरने-प्रदर्शन कर प्रशासन से पेयजल संकट का समाधान किए जाने की गुहार लगा रहे है। इसी कड़ी में स्थानीय किरोड़ीमल मंदिर के पीछे स्थित डा. मुरारीलाल की गली निवासी ने पेयजल सप्लाई की समस्या के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को विधायक घनश्याम सर्राफ से मिले तथा उन्हे अपनी व्यथा सुनाई। इस मौके पर गली के निवासी जयभगवान शर्मा व महेश ने बताया कि उनकी गली में पिछले कई माह से पेयजल सप्लाई की भारी समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि उनकी गली में कई-कई दिनों तक पानी की सप्लाई नहीं आती तथा कभी-कभार आती भी है तो वह इतना गंदा पानी होता है कि उसे पीना तो दूर सूंघा भी नहीं जा सकता।



चरखी दादरी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियों पर चर्चा करते अधिकारी।

# मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶चरखी दादरी

- विश्व पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम में होंगे मुख्यतिथि

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगामी 5 जून को दादरी के दौरे पर होंगे। मुख्यमंत्री विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को लेकर वन विभाग व जिला प्रशासन के अधिकारियों ने समीक्षा बैठक की और तैयारियों को लेकर चर्चा की। प्रवक्ता ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को दादरी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जिला में मियांवकी तकनीक आधारित वन क्षेत्र के लिए पौधरोपण कर उसकी शुरुआत करेंगे। कार्यक्रम सुबह 8 बजे शुरू होगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, विधायक सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर वन विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने सोमवार को मंत्रणा की और कार्यक्रम के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा कर अंतिम रूप दिया। इस दौरान अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक टीपी सिंह, उपायुक्त मुनीश शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल, वन संरक्षक बी निवेदिता भोजराजन, एसडीएम डॉ. वीरेंद्र सिंह, आशीष मान सहित जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन

- गणतंत्र दिवस पर होगी पद्म विभूषण,पद्म भूषण व पद्मश्री की घोषणा

**चरखी दादरी।** गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री आदि पद्म पुरस्कारों के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई रखी गई है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति द्वारा एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र भी जिसमें अनुसंशित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र, विषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों या सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख हो, प्रस्तुत किया जाना जरूरी है।

उपायुक्त मुनीश शर्मा ने कहा है कि महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग लोगों तथा समाज की निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों में से उन प्रतिभावान व्यक्तियों की पहचान करने के लिए मिलकर प्रयास किए जाए, जिनकी उत्कृष्टता वास्तव में सम्मान की हकदार है।

## कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं: डॉ. फूलसिंह

# आईएएस बनी स्वाति फौगाट का स्वागत

- गांव मोडी की होनहार बेटी ने 306वीं रैंक की थी हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती और इसी कहावत को सच कर दिखाया चरखी दादरी के गांव मोडी की बेटी स्वाति फौगाट ने, जिन्होंने प्रतिष्ठित संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 306वीं रैंक हासिल कर आईएएस बनी है। आईएएस स्वाति फौगाट का सैक्टर-13 में क्षेत्रवासियों ने सम्मानित किया। स्थानीय नागरिकों के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर डॉ. फूलसिंह धनाना ने कहा कि स्वाति साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखती है। स्वाति ने साबित कर दिखाया कि ग्रामीण क्षेत्र से भी अगर संकल्प एवं समर्पण हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं हैं। यह सफलता केवल एक स्वाति की नहीं, बल्कि उस सोच की जीत है जो बेटियों को आगे बढ़ाने की हिमायत करती है। उन्होंने कहा कि गांव की बेटी अब न सिर्फ अपने परिवार की, बल्कि देशभर की बेटियों की प्रेरणा बन चुकी है। उन्होंने स्वाति फौगाट को सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विश्वास जताया कि स्वाति कुशाल प्रशासन के तौर पर अपनी जिम्मेवारी को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाकर मिसाल कायम करने का काम करेंगी। स्वाति ने अपनी सफलता का श्रेय पिता रमेश फौगाट, माता सहित गुरूजनों को दिया।



भिवानी। यूपीएससी में 306वां रैंक हासिल करने आईएएस बनी स्वाति का स्वागत करते सेक्टरवासी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन विजय पंचगांवा, प्रधान संदीप तंवर, कमल सिंह प्रधान, पार्षद सूर्या, प्रधान दिलबाग सांगवान, राजपाल आईजी, प्रधान धर्मबीर नेहरा, सुरेंद्र ठेकेदार, डीएसपी जगबीर बामला, प्रकाश ठेकेदार, पार्षद संदीप यादव आदि मौजूद रहे।





विशेषः विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून

आज पर्यावरणीय प्रदूषण के जो कारण हैं, इनमें प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग भी शामिल है। विभिन्न प्रोडक्ट्स के माध्यम से प्लास्टिक हमारे शरीर में पहुंच रहा है। पानी, भोजन और हवा में घुले माइक्रोप्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत घातक हैं। इसीलिए इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन' रखी गई है, ताकि लोग जागरूक हों और हरियाली फैलाने के साथ प्लास्टिक के उपयोग से बचें।

# प्लास्टिक से मिले मुक्ति
# हरा-भरा हो हमारा पर्यावरण

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**

बीते कुछ वर्षों में चमक-दमक और सहजता के नाम पर बहुत कुछ हमारी जीवनशैली से जुड़ गया है। प्लास्टिक और प्लास्टिक से बने हर तरह के प्रोडक्ट्स इस फेहरिस्त में सबसे ऊपर हैं। सुविधा और सजावटी सामान बन जिंदगी का हिस्सा बना प्लास्टिक अब पूरे पर्यावरण के लिए खतरा बन गया है। प्लास्टिक के कण यानी माइक्रोप्लास्टिक मिट्टी, जल और हवा के पॉल्यूशन का अहम कारण बन गया है। यह इंसानी सेहत के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर रहा है। यही वजह है कि नदी, तालाब से लेकर धरती की गोद और समुद्र तक को कचरे से पाट रहे प्लास्टिक से दूरी बनाना जरूरी है। सरकारी प्रयासों के साथ ही हर परिवार को प्लास्टिक प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल में कमी लाने की राह पकड़नी होगी। साल 2025 की विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने पर ही फोकस्ड है। 'एंडिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन' थीम जीवन के हर हिस्से में जगह बना चुके प्लास्टिक से मुक्ति पाने का संदेश लिए है।



**स्त्रियों का रोल अहमः** रोजमर्रा की एक्टिविटीज में प्लास्टिक से दूरी बनाने में महिलाओं की भूमिका बहुत अहम हो सकती है। डोमेस्टिक फ्रंट पर न सिर्फ प्लास्टिक की चीजों का विकल्प ढूंढ़ने में बल्कि इस्तेमाल में लाने का काम भी महिलाएं बखूबी कर सकती हैं। इस साल विश्व पर्यावरण दिवस से जुड़ी मुहिम भी प्लास्टिक यूज घटाने और प्लास्टिक के रीयूज-रिसाइकिल को लेकर पब्लिक को अवेयर करने का ही उद्देश्य लिए है। घर-परिवार में प्लास्टिक का यूज कम करने से लेकर रिसाइकिल तक के लिए जागरूक होकर स्त्रियां पर्यावरण की पहरेदार बन सकती हैं। खासकर सिंगल यूज प्लास्टिक प्रोडक्ट्स से दूरी बनाने का कदम बहुत अहम है। यह प्रकृति ही नहीं, परिजनों की सेहत सहेजने के लिए भी जरूरी है। बीते कुछ बरसों में मिट्टी के घड़े से लेकर बच्चों के लकड़ी से बने खिलौनों तक, बहुत कुछ हमसे छूट गया है। प्लास्टिक से बनी चीजों ने जीवन में डेरा जमा लिया है। जबकि बहुत से प्रोडक्ट्स के जरिए आपके अपनों के शरीर में भी प्लास्टिक पहुंच रहा है। पानी, भोजन और हवा में घुले माइक्रोप्लास्टिक हेल्थ प्रॉब्लम्स का कारण बन रहे हैं। इसीलिए डिस्पोजेबल बर्तनों का इस्तेमाल करने से बचें। बच्चों के टिफिन, खिलौने और दूसरे सामान भी लकड़ी, मेटल या मिट्टी के बने खरीदना ही उचित है। घर के कचरे में प्लास्टिक को अलग निकालकर प्लास्टिक रिसाइकिलिंग में मददगार बनने की भी सोचें।

**आयोजनों में दिखाएं समझदारीः** बच्चों की बर्थ-डे पार्टी हो या शादी-ब्याह का पारिवारिक आयोजन, नकली साज-सज्जा वाली चीजों से दूरी बनाएं। सजावट के परंपरागत तौर-तरीकों से परे ऐसे अधिकतर डेकोरेटिव सामान प्लास्टिक से ही बने होते हैं। तकलीफदेह बात यह भी है कि इन प्रोडक्ट्स को रीयूज भी नहीं किया जा सकता। ट्रेडिशनल रंग-ढंग अपनाकर महिलाएं संस्कृति से जुड़ाव रखते हुए प्रकृति के संरक्षण का काम कर सकती हैं। उत्सवीय आयोजनों से जुड़े बदलाव के फ्रंट पर आपका सहज सा कदम एक प्रभावी शुरुआत साबित हो सकता है। प्लास्टिक को खत्म होने में हजारों साल का समय लगता है। कुछ पल की दिखावटी-बनावटी खुशियों के लिए इससे धरती के आंगन को ना पाटें। सामाजिक-पारिवारिक आयोजनों में जड़ों की ओर वापसी करने की राह पकड़ते हुए पत्तल, दोने और कुल्हड़ जैसी चीजों का इस्तेमाल करें। बुनियादी जीवनशैली से जुड़ीं छोटी-छोटी कोशिशों के माध्यम से प्लास्टिक से दूरी बनाना सहज ही संभव होगा। साथ ही घर में उपलब्ध रिसोर्सेज का सही इस्तेमाल करने के लिए दादी-नानी की सीख का साथ लें। संसाधनों को किफायत से इस्तेमाल करना भी पर्यावरण सहेजने से ही जुड़ा है। आम दिन हों या उत्सवीय मौसम, घर की महिलाएं मितव्ययिता की धुरी बन सकती हैं।

**बचाएं प्रकृति के रंगः** पर्यावरण संरक्षण के लिए एक साथ कई मोर्चों पर सजग रहना होगा। प्लास्टिक से दूरी बनाने के साथ ही प्रकृति के रंग बचाए रखने के प्रयास भी जरूरी हैं। अपने परिवेश में हरियाली को पोसना जरूरी है। सब कुछ सहेजने वाली स्त्रियों को पेड़-पौधे लगाने के लिए ही नहीं, बचाने के लिए भी अवेयर होना होगा। हर मौसम में ही प्रदूषण के गुबार से ढंके रहने वाले



परिवेश में घर का छोटा-सा आंगन हो या आस-पड़ोस का कोई गार्डन, हरियाली को बचाए रखने के जतन जरूरी हैं। साथ ही स्वच्छता को लेकर सजग रहना भी आवश्यक है। साझी थाती कही जाने वाली प्रकृति की गोद में अब हवा-पानी हो या मिट्टी, सब कुछ तेजी से पॉल्यूट हो रहा है। चिंतनीय है कि माउंट एवरेस्ट तक पहुंच चुका प्लास्टिक, क्लाइमेट चेंज का भी बड़ा कारण है। ऐसे में प्रकृति संरक्षण के मोर्चे पर अपने-अपने हिस्से की जिम्मेदारी लेनी ही होगी, पर्यावरण हरा-भरा बनाना होगा। कहना गलत नहीं होगा कि समाज-परिवार की धुरी कही जाने वाली स्त्रियां इस जिम्मेदारी के निर्वहन की सबसे अहम कड़ी बन सकती हैं।

## साथी बने थैला

**प्लास्टिक फ्री** जीवन के लिए थैला सबसे अच्छा साथी है। सामान लाने के लिए खुद घर से निकलें या किसी दूसरे सदस्य को भेजें, कपड़े के थैले को साथी जरूर बनाएं। असल में गली-मोहल्ले में सब्जी-भाजी खरीदने की बात हो या मॉल से शॉपिंग करने की, सिंगल यूज प्लास्टिक का एक ढेर हमारे साथ आता है। हर दिन शॉपिंग में साथ आने वाली प्लास्टिक की थैलियां नालियों को जाम कर गंभीर बीमारियों का कारण बनती हैं। यहां-वहां पड़ी प्लास्टिक थैलियों को खा लेना कितने ही जीव-जंतुओं का गला घोंटता है। बेवजह सामानों में लिपट कर साथ आने वाला प्लास्टिक पार्कों, सड़कों और समुद्र तटों को गंदा करता है। इस मोर्चे पर सजग होना आवश्यक है। महिलाएं प्लास्टिक का सीमित इस्तेमाल कर पर्यावरण के बचाव में अपनी भागीदारी निभा सकती हैं। पर्यावरण को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने और पॉलिथिन यूज कम करने के लिए घर से थैला लेकर निकलना बहुत ही सहज पर प्रभावी पहल है। आम-सी बातों पर ध्यान देकर घर के अधिकतर काम-काज संभालने वाली महिलाएं पर्यावरण को पॉलिथीन फ्री बनाने में बड़ा रोल निभा सकती हैं। बाजार जाते समय थैला साथ रखना प्लास्टिक फ्री जीवन के लिए बहुत आम पर खास कदम है।

# बच्चों को बनाएं पर्यावरण प्रेमी

स्वयं ही नहीं, अपने बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना जरूरी है। बचपन से हम उन्हें अपने पर्यावरण से प्रेम करना सिखाएं, इसकी स्वच्छता का महत्व बताएं। बच्चों को यह भी बताएं कि वे पर्यावरण कैसे संरक्षित कर सकते हैं?

बच्चे और आप
**सरस्वती रमेश**



आज जिस तरह विश्व में पर्यावरण की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है, उसके प्रति हर किसी का जागरूक होना जरूरी है, ताकि सभी पर्यावरण संरक्षित करने की दिशा में प्रयासरत रहें, अपनी जिम्मेदारी समझें। लेकिन जब हम इस संदर्भ में बच्चों की बात करते हैं तो यही पाते हैं कि आज के अधिकांश बच्चे मोबाइल, कंप्यूटर, टैब, लैपटॉप और इंटरनेट की दुनिया में उलझे रहते हैं, इससे बाहर निकलना ही नहीं चाहते। दूसरे पढ़ाई के प्रेशर और इस तकनीकी युग ने माहौल ऐसा बना दिया है कि हमारे बच्चे पर्यावरण से कटे हुए हैं। जबकि ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती से जिस तरह दुनिया जूझ रही है, बच्चों का भी पर्यावरण को लेकर जागरूक होना बहुत जरूरी है। अगर पर्यावरण प्रदूषण की बढ़ती समस्याओं के प्रति हमारे बच्चे जागरूक नहीं हुए तो वे भविष्य में इस धरती के पर्यावरण को कैसे बचाएंगे? ऐसे में पैरेंट्स की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने बच्चों को पर्यावरण से प्रेम करना सिखाएं, इसे संरक्षित करने के लिए प्रेरित करें। यह कैसे संभव है, आप जानें-

**पर्यावरण संरक्षण का मतलब बताएंः** प्रायः हम अपने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का तात्पर्य सिर्फ पेड़-पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना बताते हैं। जबकि पर्यावरण संरक्षण का अर्थ इससे कहीं ज्यादा व्यापक है। धरती पर उपस्थित सभी तरह के जीव-जंतु, नदियां, पहाड़, समुद्र, हवा, पानी, धूप, मिट्टी सभी मिलकर हमारे पर्यावरण का निर्माण करते हैं। इसलिए हमें पृथ्वी की हर चीज को संरक्षित करना होगा। इस पृथ्वी को सभी प्राणियों के लिए जीने योग्य बनाए रखना ही पर्यावरण संरक्षण का असल मतलब है। यह बात बच्चों को भी समझानी चाहिए।

**प्रकृति के साथ तालमेल करना सिखाएंः** सर्वप्रथम तो हम अपने बच्चों को प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर जीना सिखाएं। मतलब ऐसे काम करने से मना करें, जिससे प्रकृति और इसके पर्यावरण को किसी भी रूप में नुकसान पहुंचता है। सिंगल यूज प्लास्टिक आज पूरी दुनिया के लिए चुनौती बना हुआ है, इसलिए प्लास्टिक पन्नी में फल, सब्जी और राशन न लें। इसके बजाय घर से अपना बैग और कंटेनर लेकर जाएं। आपको ऐसा करता देखकर आपका बच्चा भी पर्यावरण से प्रेम करना सीखेगा। इसी तरह गीला और सूखा कचरा अलग रखने की आदत अपने बच्चों में बचपन से ही डालें। इसके लिए घर में दो डस्टबिन रखें। रिसाइकिल होने वाले कचरे को सड़ने-गलने वाले कचरे के साथ मिलाकर न रखें। किचन वेस्ट से अपने बगीचे में या बालकनी में कंपोस्ट खाद बनाएं। यह बेहद आसान है। इसे बनाने से आपके घर से निकलने वाला गीला कचरा कम होगा और आपके घर में लगे पौधों को मुफ्त में खाद भी मिलेगी। इस काम में बच्चों से भी सहयोग लें ताकि वे शुरू से ही वेस्ट मैनेजमेंट के गुर सीखें।

## संसाधनों का समझदारी से इस्तेमाल करना बताएं

**गर्मियों में** लोग एसी का इस्तेमाल खूब करते हैं। अपने बच्चों को एसी का इस्तेमाल कम से कम करने के लिए प्रेरित करें। इसके बजाय यदि कूलर से काम चल सकता है तो उसे चलाने के लिए कहें। बच्चों को समझाएं कि एसी से निकलने वाली हीट से बाहर का वातावरण गर्म होता है, जिससे पक्षी, कीट-पतंगे, जानवरों को सर्वाइव करने में मुश्किल आती है। साथ ही बिजली की ज्यादा खपत होती है। इसी तरह सर्दियों में रूम को गर्म रखने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के ज्यादा इस्तेमाल से बिजली की खपत ज्यादा होती है, जबकि हम सब जानते हैं कि बिजली पैदा करने के लिए बहुत सारे संसाधनों की जरूरत पड़ती है। इसी तरह अपने बच्चों को कपड़े, जूते, कागज, बैग आदि चीजों का इस्तेमाल तब तक करने को कहें, जब तक कि वे पूरी तरह अनुपयोगी न हो जाएं। जिससे नए सामान खरीदने की जरूरत कम पड़े और पृथ्वी के संसाधनों को बचाया जा सके।

**हमारी सामूहिक जिम्मेदारीः** बच्चे देश का भविष्य होते हैं। जब वे किसी बदलाव का हिस्सा बनते हैं तो उसका प्रभाव जल्द दिखाई देता है। और फिर पर्यावरण संरक्षण किसी अकेले व्यक्ति के वश की बात नहीं है। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें बच्चों को शामिल करना बहुत जरूरी है। सभी अपनी जिम्मेदारी को समझें और अपने स्तर पर अपने आस-पास को साफ-सुथरा, हरा-भरा रखने की कोशिश करें, तभी हमारा पर्यावरण संरक्षित होगा।

लाइफस्टाइल
**रेखा शाह आरबी**

उम्र के किसी भी पड़ाव पर आप अपने आपको अकेला महसूस कर सकती हैं, लाइफ बोरिंग लग सकती है। ऐसी नेगेटिव सोच से उबरिए, इसके लिए कुछ नया करिए।

# कहीं आपको अपनी लाइफ बोरिंग तो नहीं लग रही है



आजकल पहले के जैसे संयुक्त परिवार नहीं रहे, जिसमें दिन भर हंसी-मजाक, ठहाके गूंजते रहते थे। दिन कब पूरे परिवार के साथ हंसते-हंसते बीत जाता, पता ही नहीं चलता था। ये सब अब बीते जमाने की बातें हो गई हैं। अब एकल परिवार का जमाना है। अधिकांश परिवारों में पति-पत्नी और बच्चे, यही पूरा परिवार माना जाता है। कुछ वर्षों के बाद बच्चे भी बाहर दूसरे शहरों में पढ़ने या जॉब के लिए चले जाते हैं, तब महिलाएं घर में बिल्कुल अकेली रह जाती हैं। क्योंकि पति तो पहले ही अपने जॉब या बिजनेस के काम के लिए दिन भर घर से बाहर रहते हैं। जो महिलाएं काम-काजी नहीं हैं, घरेलू हैं, उन्हें अकेलेपन का अहसास बहुत ही शिद्दत से होता है। ऐसे में एक बड़ी समस्या रहती है कि अपना टाइम कैसे पास किया जाए? अकेलेपन से कैसे पार पाएं? लाइफ बहुत बोरिंग लगती है। कुछ महिलाएं तो किसी मानसिक बीमारी की शिकार भी हो जाती हैं। इसलिए जरूरी है, जीवन में कुछ ऐसा करते रहना चाहिए कि जिंदगी खूबसूरत लगे।



**बाहरी नहीं, आंतरिक देख-भाल की जरूरतः** जिंदगी को जिंदादिली से जीने के लिए, अपने व्यक्तित्व को निखारने-संवारने के लिए सिर्फ बाहरी ही नहीं, आंतरिक देखभाल की भी जरूरत होती है। इसके लिए कुछ प्रयास करने पड़ते हैं। अपने भीतर नई ऊर्जा भरने के लिए जरूरी है, हम अपने रूटीन से हटकर कुछ नई एक्टिविटीज से जुड़ें, ताकि जिंदगी बोरिंग न लगे। कहने का यह मतलब है कि जब भी आपको ऐसा लगे कि जीवन एक ही ढर्रे पर चल रहा है, लाइफ बोरिंग हो गई है तो अपने भीतर नई उमंग जगाने के लिए अपनी रुचि के अनुसार अपने जीवन में कुछ बदलाव लाएं। इस दिशा में एक्टिव हों।

**किताबों से करें दोस्तीः** उम्र कोई भी हो, जब किसी व्यक्ति को उसकी रुचि के अनुसार कोई किताब मिल जाती है तो वह उसमें डूब जाता है। हमारी सबसे अच्छी दोस्त किताबें होती हैं। किताबों का साथ हमेशा ही हमारे व्यक्तित्व को निखारने में सहायक होता है। किताबें हमारे एकांत की अच्छी साथी बन जाती हैं, बोरियत दूर करती है, व्यक्ति को जीवंत बनाती हैं। साथ ही किताबें एक बौद्धिक संतुष्टि भी देती हैं।

**समाज सेवाः** खाली समय में समाज सेवा करना, समय का सबसे अच्छा सदुपयोग है। अपने आस-पास किसी समाजसेवी संस्था को अपना सहयोग दीजिए, इससे आपका मन प्रफुल्लित होगा। किसी की निस्वार्थ सहायता करना, मन को एक अलग तरह की अनुभूति देता है, एक सुकून मिलता है। इससे भी एक बहुत अच्छा काम है, छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाना। बच्चों के साथ कब आपका समय क्वालिटी टाइम में बदल जाएगा, आपको पता भी नहीं चलेगा। इससे आपको मानसिक संतुष्टि तो मिलेगी ही, साथ ही छोटे-छोटे बच्चों की मासूमियत, शरारत आपको नई ऊर्जा से भर देगी।

**बागवानी कीजिएः** यदि आपके घर में जगह है तो आप गार्डनिंग करें। तरह-तरह के फूलों वाले पौधे लगाकर आपको एक अलग ही ऊर्जा और ताजगी मिलेगी। गार्डनिंग करके आप अपने आपको व्यस्त और स्वस्थ रख सकती हैं।

**खुद को दें नया लुकः** आप अपने आप को नया लुक देकर भी एक खुशी हासिल कर सकती हैं। इसके लिए आप पार्लर की मदद ले सकती हैं। अपना मेकओवर देखकर सिर्फ आपको ही नहीं, आपके चाहने वालों को भी खुशी होगी। यह खुशी आपको ऊर्जावान बनाएगी। इससे आप नया करने को प्रेरित होंगी।

ट्रेंड
**सरिता गुप्ता**

# समर सीजन में बनाएं यूनिक हेयर स्टाइल

गर्मी के मौसम में सही ड्रेसअप सेलेक्ट करने के साथ ही मैचिंग और कंफर्टेबल हेयर स्टाइल चूज करना थोड़ा टफ होता है। ऐसे में आप यहां पर बताए जा रहे कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं।

**हाफ हेयर बन स्टाइलः** अगर आप कॉलेज गोइंग गर्ल हैं या ऑफिस जाती हैं तो यह हेयर स्टाइल आपके लिए परफेक्ट है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए पहले बालों को ट्विस्ट देकर हाफ हेयर करके उसे रबड़ बैंड से हाफ बन लुक दे सकती हैं, फिर उस पर फंकी रबड़ बैंड ऊपर से लगा लें।



**साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल :** समर पार्टी में जाने के लिए आप साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। इस सीजन के लिए यह एक परफेक्ट ऑप्शन है। आप इस हेयर स्टाइल को गाउन या शॉर्ट ड्रेस के साथ पेयर अप कर सकती हैं। आप इसके साइड से टेल पर बीड्स भी लगा सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए सबसे पहले साइड से फ्रेंच ब्रेड बनाएं और फिर सभी बालों को फोल्ड करते हुए पिन की मदद से सेट करें। अब फ्रंट में लगी छोटी-छोटी फ्लिक्स निकाल लें। साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल बनने के बाद बहुत अच्छा लगता है।



**रबड़ बैंड ट्विस्ट ब्रेड स्टाइलः** आप रबड़ बैंड से एक यूनिक हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए आपको काफी सारी रबड़ बैंड्स की जरूरत होगी। सबसे पहले नॉर्मल पोनी बनाएं और फिर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर रबड़ बैंड लगाएं और बालों को बीच से लूज करती जाएं। इससे आप सिंपल ब्रेड से खुद को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। टॉप के साथ स्कर्ट या जींस कैरी करने पर ऐसी हेयर स्टाइल कूल लुक देती है।

**हेड बैंड और स्कार्फः** गर्मियों में जब बाल चेहरे पर आते हैं तो बहुत चुभने लगते हैं और इरिटेट भी करते हैं। ऐसे में आप हेड बैंड और स्कार्फ का भी यूज कर सकती हैं। एक ऐसे स्टाइलिश हेड बैंड का यूज करें, जो बालों को चेहरे से दूर रखे और स्टाइलिश लुक दे। इसके अलावा स्कार्फ का यूज बालों को बांधने या सजाने के लिए भी आप कर सकती हैं।



**तरह-तरह के बनः** आप कई तरह के हेयर बन बनाकर बालों को स्टाइल दे सकती हैं। बन बनाने के भी कई तरीके होते हैं, इनमें टॉप नॉट, मेस्सी बन, हाई बन और लो बन शामिल हैं। यह कैजुअल और फॉर्मल दोनों अवसरों के लिए सही होता है।

**(हेयर स्टाइलिस्ट मेघा शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल सजेशन
**डॉ. विनय अग्रवाल**
ऑर्थोपेडिक सर्जन-स्पोर्ट्स इंजरी
कैलाश हॉस्पिटल, नोएडा


बढ़ती उम्र में और खासतौर पर मेनोपॉज के बाद महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस होने का रिस्क बढ़ जाता है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि आप अपनी लाइफस्टाइल और डाइट का पूरा ध्यान रखें। इस बारे में आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशन।

# बोंस को बनाएं स्ट्रॉन्ग
# नहीं होगा ऑस्टियोपोरोसिस

ऑस्टियोपोरोसिस, हड्डियों की एक ऐसी बीमारी है, जो खासतौर से महिलाओं में होती है। इसके कारण हड्डियां कमजोर हो जाती हैं।

**रोग के कारणः** पीरियड्स बंद होने के बाद यानी मेनोपॉज के बाद महिलाओं में इस बीमारी के होने का रिस्क अधिक बढ़ जाता है। जब हमारे शरीर में विटामिन डी और कैल्शियम का स्तर कम हो जाता है तो यह रोग हो सकता है। इससे बोंस में फ्रेक्चर होने की आशंका बढ़ जाती है।


**बरतें सावधानीः** मेनोपॉज यानी पीरियड्स बंद होने के बाद महिलाओं को हेल्थ पर अधिक ध्यान देना चाहिए, क्योंकि इस दौरान मसल्स और बोंस कमजोर हो जाती हैं और फ्रेक्चर होने का रिस्क बढ़ जाता है। इसलिए इसे लेकर लापरवाही न बरतें। जब पीरियड्स बंद हो जाएं तो कैल्शियम और विटामिन डी का स्तर कम हो जाता है और हार्मोन का प्रवाह भी कम हो जाता है। इसलिए रोज समय निकालकर धूप में कुछ देर जरूर बैठें, जिससे आपके शरीर में जरूरी विटामिन डी बनेगा। थायरॉयड प्रॉब्लम से भी इस रोग के होने का रिस्क बढ़ता है, इसलिए अगर मां या पिता में किसी को थायरॉइड की प्रॉब्लम है तो आपको थायरॉइड होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए अपने थायरॉइड का नियमित रूप से चेकअप कराती रहें।



**नियमित एक्सरसाइजः**ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी होता है। इससे मसल्स और मेटाबॉलिज्म मजबूत होता है। हड्डियों में कैल्शियम और मिनरल का स्तर बढ़ता है। इसलिए रोज एक्सरसाइज करना बोंस हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इससे न केवल ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव होगा, बल्कि अगर यह हो भी गया हो तो उसमें राहत के लिए भी एक्सरसाइज करना फायदेमंद होता है। इसके लिए ट्रेडमिल पर वॉकिंग, जंपिंग, स्किपिंग, लोडिंग और क्रॉस ट्रेनिंग आदि कर सकती हैं।

**रहें एक्टिवः** महिलाओं को शुरू से ही अपनी लाइफस्टाइल को लेकर बहुत ही सजग रहना चाहिए। उन्हें नियमित रूप से अच्छी डाइट और एक्सरसाइज को अपनाना चाहिए, क्योंकि इनके जरिए ही आप ऑस्टियोपोरोसिस से खुद को दूर रख सकती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए हमारी लाइफस्टाइल का बड़ा रोल होता है।

**वजन को नियंत्रित रखेंः** महिलाओं को अपने वजन को नियंत्रित रखने के लिए बहुत ध्यान देना चाहिए, क्योंकि जब हमारा वजन नियंत्रित नहीं रहता है तो अनेक तरह की बीमारियां हो सकती हैं।



## लें हेल्दी डाइट

**हेल्दी बोंस** के लिए रेग्युलर बैलेंस डाइट लेना बेहद जरूरी होता है। आपकी डाइट में ज्वार, बाजरा, कोदो, गेंहू और रागी जरूर होना चाहिए, क्योंकि यह हमारे बोंस के लिए बहुत ही अच्छा होता है। सब्जियों में खासतौर से सीताफल खाना फायदेमंद है। ड्राय फ्रूट्स में पिस्ता, बादाम जरूर खाएं क्योंकि इनमें कैल्शियम काफी मात्रा में रहता है। इसके अलावा दूध पीना भी सेहत के लिए अच्छा रहता है। जहां तक हो सके फ्राइड फूड्स से परहेज करना चाहिए। आलू में कार्बोहाइड्रेट अधिक होता है। इसलिए हड्डियों की बनावट और मजबूती देने में इसका रोल अधिक नहीं होता है।

**प्रस्तुतिः संध्या रानी**

## खबर संक्षेप

### शिकायतें निपटान में समाधान शिविर अहम

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता नगराधीश जितेन्द्र कुमार ने की। उन्होंने उपस्थित नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समाधान प्राथमिकता के आधार पर और समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए।

### प्रकाश अकादमी ने लहराया जेईई एडवांस में परचम

**भिवानी।** जेईई एडवांस में रोहित पुत्र रामरूप नें 2805 रैंक हासिल करके अपने परिवार अकादमी और जिले का नाम रोशन किया। अति सामान्य परिवार से आकर भी रोहित ने दिन-रात मेहनत करके इस अंक को हासिल किया। रोहित अपने इस अंक का श्रेय अपने माता-पिता और अकादमी के अध्यापकों को दिया।

### सामाजिक संस्था के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में प्रतिज्ञा सेवा समिति द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया यह यात्रा बवानी खेड़ा के बाबा कमाल मंदिर से होते हुए नागरिक अस्पताल के सामने चौक पर पहुंची. इस यात्रा में विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के लाडले भाई राकेश वाल्मीकि ने भी अपनी विशेष भूमिका अदा की. उन्होंने बताया कि जिस बुरी योजना के तहत पाकिस्तान के आतंकियों ने भारत पर हमला किया उन्होंने सोचा होगा भारत के जवान चुप बैठेंगे लेकिन अब भारत बदल चुका है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में सर्व कल्याण मंच द्वारा शहीद गुलाब सिंह पार्क के पास स्थित शहर के निजी हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर क्षेत्रवासियों की सेवा और उनके स्वास्थ्य की जांच हेतु लगाया गया।

### डीएसपी ने ली चंद्रशेखर आजाद ग्रुप की मीटिंग

**भिवानी।** भिवानी के उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सोमवार को हरियाणा राज्य भारत स्काउट गाइड की शाखा चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग को डीएसपी आर्यन चौधरी ने संबोधित किया तथा ग्रुप के सदस्यों को समाज में नशे के बढ़ते खतरे के प्रति जागरूकता फैलाने, स्वच्छता को बढ़ावा देने और शिक्षा के महत्व को लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

### महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती को लेकर बैठक

**भिवानी।** प्रजापति समाज ने गुरु पूर्णिमा पर महाराजा श्रीदक्ष प्रजापति की जयंती पर शोभायात्रा निकालने के संबंध मे खाड़ी मोहल्ला स्थित प्रजापति धर्मशाला में महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें समाज के गणमान्य लोगों व युवाओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता सुरेश कुमार प्रजापति ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती इस वर्ष राज्य स्तरीय स्तर पर भव्य रूप से मनाई जाएगी।

### डॉ. मनीषा ने पूर्व राज्यपाल का जाना कुशलक्षेम

**चरखी दादरी।** कांग्रेस वरिष्ठ नेत्री डॉ. मनीषा ने अस्पताल में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से दिल्ली अस्पताल में मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना। मलिक को 11 मई को राममनोहर लोहिया में भर्ती करवाया गया था और वर्तमान में वह डायलिसिस पर हैं। डॉ. मनीषा सांगवान ने कहा कि उनके स्वास्थ्य में निरंतर सुधार हो रहा है और वे पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने हर मंच पर गलत के खिलाफ आवाज उठाई। सरकार के घोटालों को उजाकर किया। ऐसे निडर और बेबाक नेता बहुत कम मिलते हैं। सतपाल मलिक अनेक बार बड़े पदों पर रहे, लेकिन सादगी से जीवन बिताया।

---

चौकी स्थापित करने के निर्देश के बाद रोडवेज कर्मियों में खुशी

# बस अड्डे पर स्थापित की जाएगी पुलिस चौकी विधायक सर्राफ की मांग पर एसपी ने दिए निर्देश

## 31 मई विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर पुलिस चौकी बनाने का लिया गया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

अब नए अड्डे पर आवारा घुमने वालों की खैर नहीं। अब जल्द ही बस अड्डे पुलिस चौकी स्थापित होने जा रही है। विगत में रोडवेज कर्मचारियों ने विधायक घनश्याम सर्राफ से बस अड्डे पर पुलिस चौकी स्थापित करवाए जाने की मांग रखी थी। जिस पर सोमवार को विधायक श्री सर्राफ ने एसपी मनबीर सिंह से मुलाकात करके बस अड्डे पर पुलिस चौकी स्थापित करवाए जाने के निर्देश जारी कर दिए। वहीं एसपी के निर्देशों के बाद शाम के वक्त औद्योगिक थाना क्षेत्र के एसएचओ बस अड्डे पर पहुंचे और चौकी स्थापित करने के लिए जगह का चयन करवाया। पुलिस अधीक्षक की पुलिस चौकी स्थापित करने के निर्देश के बाद रोडवेज कर्मचारियों में खुशी है।

उल्लेखनीय है कि 31 मई को बस अड्डे पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर एक कार्यक्रम में विधायक घनश्याम सर्राफ शामिल होने के लिए गए थे। वहां पर रोडवेज कर्मचारियों ने बस अड्डे पर पुलिस चौकी न होने की शिकायत की और इसकी मांग को लेकर विधायक सर्राफ को एक मांगपत्र भी सौंपा। जिस पर विधायक सर्राफ ने जल्द ही उनकी इस मांग को पूरा करवाए जाने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में विधायक सर्राफ सोमवार को रोडवेज अजय शर्मा व प्रदीप को साथ लेकर सचिवालय पहुंचे और एसपी मनबीर सिंह से मुलाकात की। विधायक श्री सर्राफ ने बस अड्डे पर पुलिस चौकी स्थापित करने के लिए कहा। एसपी ने तत्काल इस बारे में औद्योगिक पुलिस थाना के प्रभारी को बस अड्डे पर पुलिस चौकी के लिए भवन आदि देखे जाने के निर्देश दिए। एसपी के निर्देशों के बाद थाना प्रभारी बस अड्डे पर पहुंचे और चौकी स्थापित के लिए भवन देखा। इस दौरान थाना प्रभारी ने पुलिस अधीक्षक से भी बातचीत की। लगता है अब जल्द ही बस अड्डे पर पुलिस चौकी खुल जाएगी।



भिवानी। चौकी स्थापित करवाए जाने की मांग को लेकर मांगपत्र सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

### दादरी में 10 से शुरू होगी बैडमिंटन प्रतियोगिता

**चरखी दादरी।** दादरी बैडमिंटन एसोसिएशन 10 जून से प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। तीन दिन चलने वाली प्रतियोगिता के लिए एसोसिएशन पदाधिकारियों की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। एचसी गोदारा ने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता 11 जून से हीरा इंडोर स्टेडियम में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पिछले नौ साल से खिलाड़ियों को निखारने और मंच प्रदान करने के लिए प्रतियोगता का आयोजन किया जा रहा है। आज दादरी के खिलाड़ी बैडमिंटन में अपनी चमक बिखेर रहे हैं। खेलों को लेकर दादरी जिले के युवाओं में गजब का समर्पण है, वो सभी के लिए सुखद संकेत है। आज अनेक युवा ऐसे है जो कि राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर लगातार चमक बिखेर रहे हैं, लेकिन कार्य अभी भी अधूरा है।

---

## नाम स्मरण से आत्मा की शुद्धि होती और मन को शांति मिलती: स्वामी धर्मदेव

# श्रद्धालुओं को जीवन में धर्म, सेवा एवं संयम के महत्व से करवाया अवगत

वार्षिक महोत्सव में नाम संकीर्तन व प्रवचन में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

तपोभूमि परमहंस योगाश्रम धाम में श्रीश्री 1008 स्वामी भास्करानंद परमहंस की पावन पुण्यस्मृति के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे साप्ताहितक 30वें वार्षिक महोत्सव के तीसरे दिन भक्ति व आध्यात्म की सरिता बही। नाम संकीर्तन और प्रवचन कार्यक्रम में अनेक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। सदगुरूदेव महाराज के आर्शीवाद तथा स्वामी कृष्णानंद महाराज के सान्निध्य में किए जा रहे धार्मिक आयोजन के तीसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान परमपूज्य महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज ने सत्संग मे प्रवचन दिया तथा जैसे ही भजन और नाम संकीर्तन शुरू हुआ, वातावरण भक्ति से सराबोर हो उठा। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव ने प्रवचन में श्रद्धालुओं को जीवन में धर्म, सेवा, और संयम के महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि नाम स्मरण से आत्मा की शुद्धि होती और मन को शांति मिलती है। कार्यक्रम के दौरान भजन मंडली ने हरे राम हरे कृष्ण और 'राम नाम की लूट हैं जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरा परिसर भक्ति रस में रंग गया और श्रद्धालु भावविभोर होकर भजन-कीर्तन में लीन हो गए।



भिवानी। वार्षिक महोत्सव में प्रवचन देती स्वामी कृष्णानंद सरस्वती।

### 30 वर्षों से समाज में जागरूकता का कर रहे कार्य

स्वामी कृष्णानंद महाराज ने बताया कि ये आयोजन लगातार 30 वर्षों से समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक जागरूकता लाने का कार्य कर रहा है, ऐसे कार्यक्रम आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत और भक्ति-प्रधान स्वरूप है, जो जनमानस को धर्म, संस्कृति और आस्था से जोड़ने का कार्य करती है।



भिवानी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के दिव्य भवन में आध्यात्मिक योग साधना शिविर को संबोधित करती ब्रह्माकुमारी।

### भागदौड़ भरी जिंदगी में हमारी सकारात्मक शक्तियां घटती जा रही: बीके रजनी

**भिवानी।** रुद्रा कॉलोनी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के दिव्य भवन में आध्यात्मिक योग साधना शिविर में बीके रजनी ने कहा कि आज के मानव के हालात कुछ असहाय से नजर आते हैं। हर आत्मा हररोज जो करना चाहती है, वो कर नहीं पा रही और जो नहीं करना चाहती वो उससे हो जाता है, क्योंकि आज भागदौड़ भरी जिंदगी में हमारी सकारात्मक शक्तियां घटती ही जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राजयोग के माध्यम से परमपिता परमात्मा शिव से जुड़कर पुनः अपनी खोई हुई शक्ति को बढ़ाकर हम आत्माएं अपनी पुरानी से पुरानी कमी कमजोरी को भी सहज ही समाप्त कर सकते हैं। इसी श्रृंखला में नशामुक्ति अभियान के तहत तीन दिन तक लोगों को नशा छोड़ने को जागरूक किया जाएगा। गुड़गांव से पधारी हुए बीके भावना ने राजयोग की गहन अनूभूति कराते हुए कहा कि आनंद एवं सुख के सागर शिव पिता परमात्मा से नाता जोड़ हम स्व-उन्नति के साथ साथ सर्व के जीवन को आनंदमय बना सकते हैं। बीके हीना व खरक से बीके ऊषा ने फिजिकल एक्टिविटी करवाई और नशामुक्ति के लिए शपथ भी दिलाई।



भिवानी। नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# सेशन जज ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

- नशा एक बीमारी है, अपराध नहीं – इसे समझकर ही हम नशा मुक्त समाज की ओर बढ़ सकते हैं: सेशन जज डीआर चालिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, की चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.आर. चालिया व सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार ने नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान सेशन जज डीआर. चालिया ने केंद्र में रह रहे नशा पीड़ितों से बातचीत कर उनके इलाज, दिनचर्या तथा पुनर्वास से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्टॉफ से नशा पीड़ितों के प्रति सहानुभूति और संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करने को कहा। उन्होंने मरीजों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनकी भावनाएं समझीं। कई मरीजों ने बताया कि किस प्रकार उन्हें नशे की लत लगी और वे अपने परिवार व समाज से कट गए। उन्होंने यह भी साझा किया कि अब वे पुनः सामान्य जीवन जीने की दिशा में अग्रसर हैं। सेशन जज डीआर चालिया ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है।

### नई शुरुआत का अवसर

सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र केवल इलाज का स्थान नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत का अवसर है। इसलिए केंद्रों को सकारात्मक वातावरण देने की आवश्यकता है, जिससे मरीज मानसिक रूप से भी मज़बूत हो सकें। उन्होंने केंद्र प्रबंधन और कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक संवेदनशील और कठिन कार्य को पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासनिक और न्यायिक सहयोग हमेशा केंद्र के साथ रहेगा।

---

# जेईई एडवांस्ड में आरपीएस के ईशान ने हासिल की 59वीं आल इंडिया कैटेगरी रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

देश की सबसे बड़ी आईआईटी-जेईई एडवांस्ड परीक्षा परिणाम में आरपीएस संस्था के ईशान आफरिया ने आल इंडिया में 59वीं व दित्या गर्ग ने 70वीं कैटेगरी रैंक एवं हर्षि ने 221वीं आल इंडिया जनरल रैंक प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जेईई एडवांस्ड परीक्षा में आरपीएस के 95 से अधिक विद्यार्थियों ने बेहतरीन रैंक के साथ क्वालीफाइ किया हैं। बच्चों के कठोर परिश्रम, विद्यालय प्रबंधन के उचित मार्ग दर्शन और स्टीक योजना से ही यह संभव हो पाया है। बच्चों की इस सफलता पर आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव एवं डीप्टी सीईओ कुनाल राव सहित समस्त आरपीएस स्टाफ ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि सोमवार को घोषित आईआईटी-जेईई एडवांस्ड के परीक्षा परिणाम में अपनी कैटगरी में ईशान ने आल इंडिया में 59वीं व दित्या गर्ग ने 70वीं कैटेगरी रैंक व हर्षि ने 221वीं आल इंडिया जनरल रैंक के साथ-साथ अनुज ने 256वीं रैंक, शुभम वर्मा ने 544वीं रैंक, प्रणव ने 573वीं रैंक, छवि ने 574वीं रैंक, यशिका 590वीं रैंक, ललित ने 591वीं रैंक, विवान राव ने 667वीं रैंक, सुमित पहल ने 937वीं रैंक, पीयूष यादव ने 1054वीं रैंक, रक्षित कुमार ने 1101वीं रैंक, कृष ने 1111वीं रैंक, कृष ने 1203वीं रैंक, कार्तिक ने 1498वीं रैंक, मनयु यादव ने 1537वीं रैंक, वंश यादव ने 1541वीं रैंक, कृष ने 1764वीं रैंक, सुजल ने 1850वीं रैंक, दिपांशु ने 2048वीं रैंक, श्वेत ने 2112वीं रैंक, श्रुति ने 2137वीं रैंक सहित अन्य ने उच्च रैंक के साथ क्वालिफाई कर अपना बेमिसाल प्रदर्शन किया।



महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

### कैप्टन अशन सांगवान अकादमी के अनिल की 78 लाख में लगी बोली

**भिवानी।** राजीव कॉलोनी स्थित कैप्टन अशन कुमार सांगवान अकादमी के खिलाड़ी अनिल कुमार ने प्रो कबड्डी लीग का रिकॉर्ड तोड़ते हुए देशभर में अपनी अलग पहचान स्थापित करने का काम किया है। अनिल ने हिमाचल से आकर अशन कुमार सांगवान अकेडमी में द्रोणाचार्य एवं अर्जुन अवॉर्डी कोच अशन कुमार सांगवान की देखरेख में प्रशिक्षण लिया तथा सबसे कम समय में प्रो. कबड्डी के सीजन-12 में प्रो. कबड्डी में नया इतिहास रचने का काम किया। कोच अशन कुमार सांगवान ने बताया खिलाड़ी अनिल कुमार को बधाई देते हुए कहा कि प्रो. कबड्डी में पहली बार एनवाईपी (न्यू यंग प्लेयर) के रूप में खुली बोली में हिस्सेदारी की तथा प्रो. कबड्डी की तमाम टीमों ने अनिल पर बोली लगाई।

# यदुवंशी के 15 छात्रों ने जेईई एडवांस में रचा इतिहास

- छात्र मनीष पुत्र रामकिशन ने अपनी कैटेगरी में 300 रैंक हासिल की
- प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यदुवंशी की एक अनूठी शैक्षणिक पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यदुवंशी के छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा-2025 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में स्कूल के कई छात्रों ने उच्च रैंक हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। पूरे भारत में अपनी सफलता का परचम लहराते हुए विद्यालय के छात्र मनीष पुत्र रामकिशन ने अपनी कैटेगरी में 300 रैंक हासिल की। सफलता प्राप्त विद्यार्थियों में भावेश पुत्र ओमप्रकाश 1103, दिव्य यादव पुत्र सुरेंद्र यादव 1172, योगेंद्र पुत्र संदीप कुमार 2859, दिया पुत्री देवेंद्र कुमार 5214, अंजलि पुत्री अरविंद 7807, अनुज पुत्र राजेश कुमार 8342, श्वेत पुत्र कश्मीर 9374, अनुज पुत्र अनुप 10274, अमन पुत्र राजेश कुमार 12835 के नाम विशेष रूप से शामिल रहे। विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के उचित मार्गदर्शन, अध्यापकों की मेहनत व अभिभावकों के सहयोग को दिया। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यदुवंशी की एक अनूठी शैक्षणिक पहल है। विद्यार्थी इंजीनियर बनकर एक सुदृढ़ समाज की स्थापना करेंगे तथा देश सेवा करते हुए पूरे राष्ट्र को टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रगण्य बनाएंगे। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि जेईई एडवांस जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करना न केवल आपकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि आपके धैर्य, समर्पण और अनुशासन की भी मिसाल है। यह सफलता सिर्फ एक शुरूआत है, आगे चलकर आप भारत और विश्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेन्द्र सिंह यादव ने सभी सफलता प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

---



### मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को पहुंचाएंगे घर-घर

**भिवानी।** 11 साल पहले नरेंद्र मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, उनका कार्यकाल महान पहल, नीतियों और रणनीतिक कार्यों भरा हुआ है। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 11 साल पूरे करने पर पीएम नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई दी। उक्त शब्द भाजपा नेता रीतिक वधवा ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 11 साल पूरे करने पर कार्यकर्ताओं एवं देशवासियों को बधाई देते हुए कही। इस अवसर पर भाजपाइयों ने केक काटकर पीएम नरेंद्र मोदी को दी। वधवा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर उनके नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का कार्यकाल कई महान पहल, नीतियों और रणनीतिक कार्यों के लिए जाना जाएगा। पीएम मोदी के कार्यकाल के दौरान देश को मजबूत करने वाले निर्णय लिए। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और भारत का वैश्विक स्तर ऊंचा उठाने के अथक प्रयासों के लिए आभारी है।

## पीटीआई ने विद्यार्थियों को करवाए योगासन एवं क्रियाएं

# राजकीय स्कूल में छात्रों ने सीखे योग के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव नौरंगाबाद के शहीद नरेश सिंह राजकीय माध्यमिक विद्यालय में सोमवार से विद्यार्थियों का तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर शुरू किया, जो 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां को लेकर शुरू किया हैं। शिविर में पीटीआई मोतीलाल जांगड़ा ने विद्यार्थियों को योग के गुर सिखाएं। पीटीआई मोतीलाल ने विद्यार्थियों को बताया कि योग करने से मानसिक एवं शारीरिक मजबूती मिलती हैं।

योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक शैली है। उल्लेखनीय हैं कि 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां के चलते भीम स्टेडियम में गत 29 से 31 मई तक जिलेभर के डीपीई व पीटीआई को तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण दिया गया था, ताकि वे स्कूलों में जाकर बच्चों को योग की शिक्षा दे सकें। इसी के चलते सोमवार को गांव नौरंगाबाद के शहीद नरेश सिंह राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पीटीआई मोतीलाल जांगड़ा ने विद्यार्थियों का तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर शुरू किया। सुबह छह बजे से साढ़े सात बजे तक पीटीआई मोतीलाल ने विद्यार्थियों को योग के गुर सिखाए। इस मौके पर मुख्याध्यापिका सीमा सिंधु, मुखत्यार सिंह, सीमा कुमारी, नीतू, मंजू आनंद व संदीप सांगवान आदि मौजूद रहे।



भिवानी। नौरंगाबाद राजकीय मिडल स्कूल में विद्यार्थियों को योग करवाते पीटीआई मोतीलाल जांगड़ा।

### योग शरीर, मन व आत्मा के बीच संतुलन बनाता है

उन्होंने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय योगा प्रोटोकॉल से संबंधित कपालभांति, भ्रामरी, प्राणायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, ब्रजरासन, सूर्य नमस्कार सहित अनेक क्रियाएं एवं आसन करवाएं। पीटीआई मोतीलाल ने बताया कि योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। हमारे ऋषि-मुनियों ने सहस्रों वर्ष पहले जो ज्ञान संचित किया, आज वहीं योग विज्ञान सम्पूर्ण विश्व में स्वास्थ्य और मानसिक शांति का माध्यम बन रहा है।

## खबर संक्षेप



### छबील लगाकर पिलाया मीठा एवं ठंडा पानी

**चरखी दादरी।** आमजन विकास सेवा समिति के सदस्य भगत संजय शर्मा के सहयोग से एनएच 152डी के समीप मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने कहा कि गर्मी के मौसम में मीठे पानी की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि गर्मी से बचने के लिए शरीर को सबसे अधिक पानी की जरूरत होती है और इस गर्मी के तपते मौसम में किसी व्यक्ति को ठंडे पानी की बूंद मिल जाए तो वह अमृत के समान है। इस अवसर पर एडवोकेट सचिन मराठा व भगत संजय शर्मा ने हजारों राहगीरों को रोक-रोककर मीठा व ठंडा जल पिलाया। इस अवसर पर प्रिंस शर्मा, प्रवीन शर्मा, अनिल कुमार व छोटा कुमार उपस्थित रहे।



### महंत बुद्धगिरी ने सद्भावना त्रिवेणी रोपित की

**भिवानी।** गांव सिकंदरपुर धाम स्थित अखंड भारत मंडल में विशेष पर्यावरणीय कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें श्रीमहंत बुद्धगिरी महाराज ने सद्भावना त्रिवेणी का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की अपील की और स्वयं भी पर्यावरण को संरक्षित रखने की शपथ ली। महंत बुद्धगिरी ने त्रिवेणी के रूप में पीपल, बरगद और नीम के पौधे रोपित किए, ये त्रिवेणी न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है, बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना आज की सबसे बड़ी सेवा है, जब तक हम पेड़ नहीं लगाएंगे और उनका संरक्षण नहीं करेंगे, तब तक हमारी भावी पीढ़िया सुरक्षित नहीं रह सकती।

### विश्व योग दिवस की तैयारियां जोरों पर

**भिवानी।** जिला प्रशासन भिवानी हरियाणा योग आयोग आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला भिवानी के अंतर्गत गांव सज्जनपुर की व्यायामशाला में उपस्थित सभी बच्चों ने जिला भिवानी के मास्टर योग ट्रेनर आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक के नेतृत्व में विश्व योग दिवस को और अधिक उत्साह व ऊर्जा के साथ मनाने के लिए प्रोटोकाल के साथ प्रार्थना शिथली करण सूक्ष्म अभ्यास, खड़े होने वाले आसन, बैठ कर किए जाने वाले आसन , पेट के बल किए जाने वाले आसन, पीठ के बल लेट कर किए जाने वाले आसन , कपाल भाति क्रिया, प्राणायाम ध्यान आदि के साथ शांति पाठ सहित संकल्प लिया और समस्त आसनों से होने वाले लाभ के बारे में जाना, गजानंद ने बताया बवानी खेड़ा की विश्व योग दिवस को सफल बनाने की भागीदारी अधिक से अधिक रहेगी।

### पालुवास में 10वीं, 12वीं में प्रवेश पंजीकरण 10 तक

**भिवानी।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास भिवानी में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं में वाणिज्य संकाय व कक्षा 12वीं में विज्ञान व वाणिज्य संकाय में कुछ रिक्तियां होने के कारण प्रवेश हेतु पंजीकरण आमंत्रित किए गए है। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास प्राचार्य मोहिन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि ये पंजीकरण 3 जून से 10 जून 2025 तक ऑफलाइन माध्यम से शुरू है। कक्षा 12वीं में पंजीकरण केवल सेवा वर्ग 1 व 2 के कर्मचारियों के बच्चों के लिए है और कक्षा 11वीं में पंजीकरण सभी पत्र उमीदवार करवा सकते हैं। पंजीकरण फॉर्म विद्यालय की वेबसाइट पालुवास.केवीएस.एसी.इन से डाउनलोड किया जा सकता है।

# आदर्श विद्या मंदिर के छात्र निशांत ने जेईई एडवांस में 369 वां रैंक हासिल किया

- निशांत ने ना तो कहीं कोई ट्यूशन ली और ना ही किसी कोचिंग में समय गंवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आदर्श विद्या मंदिर भिवानी के विद्यार्थी निशांत ने जेईई एडवांस में 369 वीं रैंक लेकर ऑल इंडिया में अपनी धाक जमाई। आदर्श विद्या मंदिर परिवार जेईई एडवांस में अपने विद्यार्थियों की सफलता पर हार्दिक बधाई देता है । यह उपलब्धि विद्यार्थियों की प्रतिभा, स्वाध्यायन तथा विद्यालय व गुरुओं के मार्गदर्शन का नतीजा है । आदर्श विद्या मंदिर के उत्कृष्ट शिक्षण तथा सर्वश्रेष्ठ रणनीति का परिणाम है । निशांत की अपनी गहन मेहनत तथा विद्यालय और शिक्षकों का मार्गदर्शन उसको बेहतरीन स्थान प्राप्त कर सभी को गौरान्वित कराया है। निशांत ने ना तो कहीं कोई ट्यूशन ली और ना ही किसी कोचिंग को अपना कर अपना समय गवाया।

जेईई एडवांस परीक्षा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रवेश के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा है। इस परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को आईआईटी में प्रवेश का अवसर मिलता है। दो जून को विद्यालय के विद्यार्थी निशांत और मोहित ने जेईई एडवांस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता ,गुरुजनों और अपनी मेहनत को दिया। आदर्श विद्या मंदिर के निदेशक सत्येंद्र व प्रबंधक शमशेर ने कहा हमारे विद्यार्थियों की इस सफलता पर हमें गर्व है। उनकी मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। प्रधानाचार्य डॉ तरंग गौड़ ने बताया कि आदर्श विद्या मंदिर अपने बेहतरीन परिणाम और अनुशासन के कारण अपनी पहचान बनाये हुए है । अनुभवी और योग्य शिक्षक व्यक्तिगत ध्यान और मार्गदर्शन, नियमित मूल्यांकन और प्रतिक्रिया छात्रों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता आदर्श विद्या मंदिर की विशेषताएं हैं । इसी कारण हमारे स्कूल के विद्यार्थियों में 34 से ज्यादा एनडीए ,100 से ज्यादा इंजीनियरिंग ,90 से ज्यादा मेडिकल , आईआईटी और एनआईटी,यूपीएससी में भी बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। आदर्श विद्या मंदिर के जेईई एडवांस में अपने विद्यार्थियों की सफलता पर गर्व महसूस करता है ।



**भिवानी।** जेईई एडवांस में बेहतरीन रैंक हासिल करने वाले छात्र निशांत।

## सांसद ने सोमवार को हलका तोशाम विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया

# निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जाएगी : किरण चौधरी

- निगाना फीडर और गांव छपार-बिडौला माइनर का पुनर्निर्माण करवाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि तोशाम विधानसभा क्षेत्र में अनेक विकास परक परियोजनाएं चल रही हैं। विकास कार्य में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की निर्माण कार्यों में सही गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग करें। विकास कार्यों के लिए जारी किए जाने वाला पैसा सही जगह पर लगना चाहिए। विकास कार्यों में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

राज्यसभा सांसद चौधरी सोमवार को हलका तोशाम विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहीं थी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभाग को के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिंचाई तथा महिलाए एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी की पूरी कोशिश है कि तोशाम हल्के का अधिक से अधिक विकास करवाया जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल के समय में प्रदेशभर में बनाई गई नहर और माईनरों का जीर्णोद्घार करवाया जाएगा। निगाना फीडर और गांव छपार-बिडौला माइनर का पुनर्निर्माण करवाया जाएगा, जिस पर 8 करोड रुपये की लागत आएगी। गांव रिवासा में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पानी की निकासी के लिए गांव में नाले का निर्माण करवाया जाएगा, जिस पर करीब 60 लाख रुपए की लागत आएगी।

किरण चौधरी ने अपने संबोधन के दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की हल्के में किसी गांव में पेयजल की किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। जरूरत के अनुरूप वॉटर टैंक, बूस्टर का निर्माण करवाया जाए और पाइप लाइन डाली जाए। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनका पालन करने और पानी की बचत करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाना और गांवों में मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाना प्रदेश व केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों द्वारा रखी गई बिजली, पानी, सडक, चिकित्सा और शिक्षा आदि से संबंधित मांगों को पूरा करने काआश्वासन दिया।

सांसद किरण चौधरी ने सोमवार को गांव ढाणी रिवासा, धारण, बिडौला,बादलवाला, निगाना खुर्द तथा निगाना कलां गांवो का दौरा कर ग्रामीणों को संबोधित कर उनकी जन समस्याएं सुनी।

सांसद ने खरकड़ी सोहान मे लाखों की लागत से नवनिर्मित अंबेडकर भवन तथा गांव दुल्हेड़ी में एससी-बीसी चौपाल हॉल व चार दीवारी का उद्घाटन किया। सांसद ने गांव के विकास के लिए करोड़ों रुपए के विकास योजना की घोषणा की।





**तोशाम।** आयोजित कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनती राज्य सभा सांसद किरण चौधरी तथा लोगों को संबोधित करती सांसद किरण चौधरी। फोटो : हरिभूमि

### विश्व पर्यावरण दिवस ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं

किरण चौधरी ने अपने संबोधन के दौरान ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि 5 जून को विश्व प्रमुख पर्यावरण दिवस है और उनका भी जन्मदिन है। 5 जून को हल्के में अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाने का आवाहन किया ताकि पर्यावरण का संरक्षण हो सके।

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत बना विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था :** राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का तेज गति से विकास हो रहा है। भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना है। मोदी की कुशल कूटनीति के कारण पाकिस्तान घुटने टेकने पर मजबूर हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। भारत आतंकवाद को किसी भी तरह से सहन नहीं करेगा।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन, नायब तहसीलदार संजय पाराशर, बीडीपीओ विनोद सांगवान, डॉ. राकेश रोहिला, डॉ. बिनेश गोयत, अधीक्षक अभियंता सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग राजीव बत्रा, कार्यकारी अभियंता नवीन देशवाल, अमनदीप, मनीष देशवाल, विकाश धनखड़, एसडीओ डॉ. सुनील शर्मा व अन्य जनप्रतिनिधि, पार्टी के गणमान्य पदा धिकारी,कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दा ऑकवुड स्कूल में हुआ समर कैंप का आगाज

- शारीरिक व मानसिक विकास के साथ तार्किक सोच को विकसित करता है समर कैंप : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है कि उन्हे शिक्षा के साथ-साथ खेल व अन्य गतिविधियों से भी जोड़ा जाए, ताकि उनका शैक्षणिक के साथ-साथ सामाजिक विकास भी किया जा सकें। इसी कड़ी में सैक्टर-13 स्थित दि आकवुड स्कूल हमेशा तत्पर रहता है, ताकि बच्चों में निहित प्रतिभा उभर कर साकार रूप लेती है तथा उनमें नित्य नया करने व सीखने की भावना का विकास भी होता है।

सोमवार को दि आकवुड स्कूल में सात दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रथम कक्षा से दसवीं कक्षा तक के अनेक छात्रों ने सहभागिता की। यह कार्यक्रम सात दिन तक लगातार चलेगा, जिसमें जुंबा नृत्य, मेडिटेशन चित्रकला, योग, कुकिंग विदाउट फायर, सेल्फ डिफेंस, कराटे, शूटिंग, स्विमिंग, पिक्चर स्टोरी राइटिंग, डीजे नाइट आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने बताया कि बच्चों के विकास व उनकी समस्याओं को जानने के लिए गत दिवस विद्यालय में अभिभाव-अध्यापक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें इस कैंप के बारे में अभिभावकों से विस्तार पूर्वकचर्चा की गई, जिसकी सभी अभिभावकों ने खुले मन से प्रशंसा की तथा अपने बच्चों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में प्रतिभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर विद्यालय निदेशक दिनेश सिंह तथा प्रबंध समिति सदस्य विक्रम राणा, मानवेंद्र सिंह ने भी इन गतिविधियों को बच्चों के विकास व ग्रीष्म अवकाश का सदुपयोग का एक उत्तम उदाहरण बताया तथा उन्होंने इस कैंप में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को कैंप का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



**भिवानी।** आयोजित शिविर में जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

# लक्ष्य प्राप्त करने के लिए युवा करें कड़ी मेहनत : चैयरमैन

- बोर्ड चैयरमेन डॉ. पवन कुमार शर्मा ने लेफ्टिनेंट अंकित शर्मा सहित 11 स्कूलों के प्रतिभावन छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार शर्मा ने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल साक्षर नहीं, बल्कि शिक्षित बनाना जरूरी है।

बोर्ड चैयरमैन सोमवार को गांव बुशान में निशुल्क बाबा भैरू नाथ लाईब्रेरी समिति के तत्वावधान में आयोजित बाबा भैरू नाथ प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस दौरान बोर्ड चैयरमेन ने लेफ्टिनेंट अंकित शर्मा सहित विभिन्न 11 स्कूलों के प्रतिभावन छात्रों व खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि विजय पहलवान सरपंच नाथूवास रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच मेहर चंद ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर अकाउंट ऑफिसर जितेंद्र श्योराण व पूर्व सरपंच बीर सिंह रहेवहीं महंत पूर्णनाथ का विशेष सानिध्य रहा। सभी अतिथियों को लाईब्रेरी कमेटी व ग्रामवासियों ने फूल मालाएं व समृति चिंह भेट कर स्वागत किया। कार्यक्रम शुरू करने से पहले वीर शहीद हवलदार विजय सिंह की फोटो पर पुष्प अर्पित किए।



**तोशाम।** आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते शिक्षा बोर्ड चेयरमैन।

### बच्चों को मोबाइल का सही उपयोग सिखाए

डॉ. शर्मा ने अभिभावकों से अपील की, कि वे बच्चों को मोबाइल के सही उपयोग के बारे में जागरूक करें। चैयरमेन ने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें। माता-पिता को मालूम होना चाहिए कि उनके बच्चे की बैठक किन युवाओं के साथ है। उन्होंने युवाओं से मोबाइल फोन के दुरूपयोग से भी बचने का आग्रह किया। अति विशिष्ट अतिथि विजय पहलवान सरपंच नाथूवास ने कहा कि आज का युवा वर्ग नशे की दलदल में धंसता जा रहा है। विशिष्ट अतिथि अकाउंट ऑफिसर जितेंद्र श्योराण ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्ट कट रास्ता नहीं है।। उन्होंने अभिवावकों से अपील की कि बच्चों पर केरियर को लेकर दबाव ना बनाएं ।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर महंत पूर्ण नाथ, जयसिंह कोच, प्रधान मा.दलबीर, प्रधान नरेश शर्मा, संदीप गौड़, दुलीचंद, सतबीर चैयरमेन, बृजपाल फौजी, विक्रम सिहं, हैडमास्टर रामधारी शर्मा, सत्यवान शर्मा, मास्टर विनोद लडवाल, विनोद शर्मा, मास्टर रोहतास, मास्टर संजय, मास्टर दिनेश, सुशील शर्मा, लक्ष्मीनारायण चौहान, निहाल सिह, प्रधान मास्टर संजय, मास्टर पवन स्वामी,पूर्व प्रधान वजीर सिह, रामचन्द्र स्वामी, जगदीश सांगवान, शमशेर, खंजाची संदीप कुमार, राजेश डीपी, मास्टर उमेद, मास्टर राजेश, संतोष सांगवान, सुखबीर संडवा, संजय स्वामी, विशाल, सुमित, सचिन आदि मौजूद रहे।

# गोशाला उद्घाटन एवं प्रतिमा अनावरण समारोह कल, ग्रामीणों को दिया निमंत्रण

- समाजसेवा की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करते है समारोह : खरेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा की दूसरी पुण्यतिथि पर चार जून को गांव खावा स्थित किसान भवन में गौभक्त हरफूल सिंह जाट जुलानीवाला गोशाला का उद्घाटन एवं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम की सफलता के लिए निमंत्रण अभियान चलाया। ग्राम स्वराज किसान मोर्चा एवं गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट द्वारा चलाए निमंत्रण अभियान अंतिम चरण में है।

इसी कड़ी में गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के संचालक महेंद्र सिंह गोदारा के नेतृत्व में गांव मंढाण, रोढ़ा, ईशरवाल, हसान व मिरान में निमंत्रण अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दिया। इस मौके पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु व युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा ने बताया कि कार्यक्रम में दौरान किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा तथा उत्तम टिकाऊ खेती, प्रशिक्षण केंद्र, गौ नस्ल सुधार केंद्र एवं वैदिक पैथी प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा ने किसान एवं गाय तथा हरफूल सिंह जाट जुलानीवाला ने गौसेवा में अपना जीवन खपा दिया। इस अवसर पर बागनवाला, मास्टर रघुबीर भेरा, अनिल बागनवाला, मनफूल पटौदी, रामअवतार दलाल, राजबीर बागनवाला आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** गोशाला उद्घाटन एवं प्रतिमा अनावरण समारोह का न्योता देते ट्रस्ट के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## अमन शेखावत को टक्कर मारने वाली गाड़ी मालिक की गिरफ्तारी की मांग

# समिति ने एसपी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

- अमन के पिता कर्णसिंह शेखावत का कहना है कि उन्होंने गाड़ी के नंबर भी पुलिस को दिए, लेकिन पुलिस प्रशासन 11 माह बीतने के बाद भी दोषी को पकड़ नहीं पाई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ढ़ाणा नरसान मोड़ पर गत 2 जुलाई 2024 को अमन शेखावत को टक्कर मारने वाली गाड़ी के मालिक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जनसंघर्ष समिति ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया तथा एसपी से मांग की कि टक्कर मारने वाली गाड़ी के ड्राbवर को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। गौरतलब है कि नौजवान अमन शेखावत हनुमान गेट पीपलीवाली जोहड़ी निवासी था तथा फैक्ट्री में काम करता था।

वह सांयकाल भिवानी-लोहारू-पिलानी हाइवे पर अपनी ड्यूटी करके मोटर साइकल पर 8:30 बजे अपने घर आ रहा था। हाईवे पर ढाणा नरसान मोड़ पर कैंटर वाले ने उसे जबरदस्त टक्कर मारी और वह गंभीर रूप से घायल अवस्था मे पुलिस की 112 पीसीआर उसे नागरिक हस्पताल भिवानी में लेकर गई, जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। अमन के पिता कर्णसिंह शेखावत ने इसकी रिपोर्ट सदर थाना भिवानी में दी, लेकिन दुर्घटना करने वाली गाड़ी को आज तक पुलिस पकड़ नहीं पाई है। दुर्घटना में मारे गए अमन के पिता कर्णसिंह शेखावत का कहना है कि उन्होंने गाड़ी के नंबर भी पुलिस को दिए, लेकिन पुलिस प्रशासन ने दुर्घटना को अंजाम देने वाली गाड़ी को 11 माह बीतने के बाद भी दोषी को पकड़ नहीं पाई। उन्होंने कहा कि उसके घर में अमन ही अकेला कमाने वाला लडका था, उसके जाने के बाद उसके घर की रोशनी खत्म हो गई और उसके चारों तरफ अंधेरा है।

जनसंघर्ष समिति के संयोजक व माकपा के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि स्वयं तीन बार अलग-अलग समय में मामले को लेकर दो पुलिस अधीक्षकों तथा सदर थाना के इंचार्ज से मिल चुके है, लेकिन मामले में अभी तक दोषी का कोई सुराग नहीं लगा है। समिति के पदाधिकारियों ने जिला पुलिस प्रशासन से मांग की कि इसमें अपेक्षित कार्यवाही करें, ताकि गरीब किसान परिवार को न्याय मिल सके। इस अवसर पर मृतक के पिता कर्णसिंह शेखावत, दलित अधिकार मंच के जिला संयोजक सुखदेव पालुवास, विशाल सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।




**भिवानी।** अमन शेखावत को टक्कर मारने वाली गाड़ी के मालिक की गिरफ्तार को लेकर प्रदर्शन करते जनसंघर्ष समिति के सदस्य।

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं
नार्मल डिलीवरी
सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए
OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़,
CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र :
9416296903, 8168362612